हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 जून 2025

07 मानोरा मला 26 से, तैयारियों के लिए ...



08 नपा परिषद ने शुरू किया हरित क्रांति महाअभियान...





## खबर संक्षेप

### विश्व रक्तदाता दिवस पर किया 80 यूनिट रक्तदान

**विदिशा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एसएटीआई में आयोजित रक्तदान शिविर में संस्थान के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया। ब्लड बैंक ऑफिसर ने एसएटीआई द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए संस्थान को आभार पत्र सौंपा। महाराजा जीवाजीराव एजुकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर और एसएटीआई के निदेशक डॉ. वायके जैन ने सभी रक्तदाताओं और आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए इस मानवीय पहल के लिए बधाई दी। सामूहिक योग कार्यक्रम आज

### सामूहिक योग में आज मंत्री सारंग होंगे शामिल

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज सामूहिक योग कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में सुबह 6 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व अतिथि स्वागत से होगी। सुबह 6:20 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण तथा 6:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन दिखाया जाएगा। सुबह 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास प्रारंभ होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली विद्यार्थियों और नागरिकों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम का समापन सुबह 8 बजे

### मूंग खरीदी के लिए 5 जुलाई तक पंजीयन

**विदिशा।** प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 के ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 5 जुलाई तक किया जाएगा। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने सभी पात्र किसानों से समय-सीमा में पंजीयन कराने की अपील की है, जिससे वे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग विक्रय की पात्रता प्राप्त कर सकें। पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क रखी गई है और इसके लिए किसानों को कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। किसान स्वयं के मोबाइल से एमपी किसान ऐप के माध्यम से अथवा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर पंजीयन करा सकते हैं।

### योग दिवस विशेष सत्र का आयोजन आज

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर पातंजल योगावर्त एवं लोधेश्वर फाउंडेशन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आज शनिवार को सुबह 9 बजे से योगावर्त योगाश्रम में होगा। यह आयोजन योग साधना को जन-जन तक पहुंचाने, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने तथा सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विदिशा में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित, कलेक्टर को राज्यपाल का प्रशंसा पत्र सौंपा गया।

### पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया



**विदिशा।** कलेक्टर सभा कक्ष में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें जिला कलेक्टर को राज्यपाल द्वारा 2024 का प्रशंसा पत्र व शील्ड कर्नल राजीव खत्री ने प्रदान की। सम्मेलन में पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी गईं। कई का समाधान तत्काल किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार देशराज सिंह, सीबी सिंह, भास्कर बिजवे, राजा राम राजपूत, नरेंद्र शर्मा, विजय भटनागर सहित अनेक पूर्व सैनिक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## चेकिंग अभियान में पकड़ी बस का फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त

# स्कूली ऑटो, वैन और बसों की जांच, 190 में से 7 वाहन मिले नियम विरुद्ध, 4 जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश पर जिले में यात्री वाहनों एवं स्कूल बसों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी आशीष राय एवं पुलिस बल भी मौजूद रहा। चेकिंग के दौरान कुल सात वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए। जिनमें से तीन वाहनों से मौके पर ही 16 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। जबकि शेष चार वाहनों को प्रकरण निराकरण की प्रतीक्षा में जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। कार्रवाई के दौरान एक यात्री बस की फिटनेस स्थिति असंतोषजनक पाई गई एवं उसमें अग्निशमन यंत्र भी नहीं मिला। उक्त गंभीर लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए उसका फिटनेस प्रमाणपत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त अटारी खेजड़ा स्थित बेतवांचल कॉलेज परिसर में खड़ी स्कूल बसों की विशेष जांच की गई। चेकिंग के दौरान स्कूली बच्चों के परिवहन में उपयोग हो रहे ऑटो रिक्शा की भी गहनता से जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि यह अभियान परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



विदिशा। वाहनों की जांच करते हुए आरटीओ अधिकारी व यातायात प्रभारी।

### दुर्गानगर चौराहे से हुई अभियान की शुरुआत

दुर्गानगर चौराहे से शुरू हुए इस अभियान में स्कूली ऑटो, वैन और बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। जां पड़ताल टीआई आशीष राय और आरटीओ गिरजेश वर्मा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। जिले में कुल 190 स्कूल वाहन रजिस्टर्ड हैं। इनमें 7-सीटर वैन से लेकर बड़ी बसें शामिल हैं। इसके अलावा कई ऑटो भी स्कूली बच्चों को लाते-ले जाते हैं। जांच में 7 वाहन नियम विरुद्ध पाए गए।

## स्व सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर करेंगी पेयजल गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नगर में अब स्व सहायता समूह की महिलाएँ घर-घर जाकर पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगी। इस नवाचार की पहल की शुरुआत शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय से की गई। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने महिलाओं को वॉटर टेस्टिंग किट वितरित कीं।

इस पहल का उद्देश्य नगर के वार्डों में लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना है। स्व सहायता समूह की महिला सदस्य घर-घर जाकर पेयजल के सैंपल लेंगी, उसकी प्राथमिक जांच करेंगी और नागरिकों को पानी की गुणवत्ता की जानकारी उपलब्ध कराएंगी। प्रत्येक जल परीक्षण पर शासन द्वारा महिला सदस्यों को 48 का मानदेय प्रदान किया जाएगा। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि यह पहल न केवल स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूकता फैलाएगी, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगी।

### मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**विदिशा।** कलेक्टर ने 15 अगस्त तक के लिए मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। वर्षा ऋतु में मछलियों की प्रजनन के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को क्लोज सीजन घोषित किया गया है।




## आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में जलभराव रोकने तैयारी के निर्देश

### सभी 39 वार्डों में नालों नालियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका बस स्टैंड सभागार में आज आपदा प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने की।

बैठक में सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, नगर परिषद के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, मेट, दरोगा सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर में जलभराव की समस्या से बचाव हेतु ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने निर्देशित किया कि नगर के समस्त 39 वार्डों में नालों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था या जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो। साथ ही सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कहा गया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और संभावित आपदा की स्थिति में शीघ्र प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रत्येक वार्ड की समस्याओं की समीक्षा की गई और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। नगरपालिका अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि नगरवासियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, जिसके लिए नगर परिषद पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

### अपना घर आश्रम में विधिक सेवा शिविर लगा

**विदिशा।** विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय विदिशा द्वारा विशेष विधिक शिविर आयोजित किया गया। आश्रम में मानसिक दिव्यांग, असहाय, अनाथ एवं बीमार प्रभुजनों की देखभाल की जाती है। शिविर में सचिव न्यायाधीश नितेंद्र सिंह तोमर, जेएमएफसी नविष्ठा कुरैशी सहित भरतपुर मुख्यालय से प्रमोशन टीम के सदस्य शैलेंद्र त्यागी, राजेंद्र अग्रवाल व नरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रभुजनों को संपत्ति विवाद, पारिवारिक समस्याओं के समाधान तथा शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गई। सेवा प्राधिकरण के सदस्यों ने प्रभुजनों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। आश्रम समिति से अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा, सह सचिव दीपक माहेश्वरी, प्रवक्ता सोहेल अहमद व अन्य सेवा साथी उपस्थित रहे।

### 23 जून तक तेज आंधी-बारिश का अलर्ट: आसमान में घने बादल छाए, 24 घंटों में हुई 93.4 मिमी बारिश

**विदिशा।** शहर में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी ने मौसम को सुहावना बना दिया। मौसम विभाग ने 23 जून तक तेज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो टर्फ लाइनें सक्रिय हैं। जिसके कारण अगले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। गुरुवार को भी जिले में दिनभर मौसम बदलता रहा। कभी बादल छाए रहे, तो कभी हल्की धूप निकली। कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटों में जिले में 93.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश सिरोंज में 25 मिमी हुई।










AR CREATORS INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं हम ......
हरिभूमि 11 वां स्थापना दिवस
हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
सभी शासकीय अनुमतियाँ प्राप्त ग्रीन पार्क फेस-3 में
TOWN & COUNTRY PLANNING
T&CP
*** APPROVED ***
विदिशा जिले का एकमात्र इन्डोर स्टेडियम
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
जॉगिंग ट्रैक
फाउन्टैन पार्क
रिंग पार्क
पार्टी लोन
खूबसूरत एलीवेशन एवं व्यवस्थित लेआउट प्लान के साथ सिंगलेक्स बंगलो की खूबसूरत श्रृंखला
मानसून ऑफर
14.99 लाख
कीमत का
सिंगलेक्स मात्र
12 .49 लाख में
2.5 लाख का सीधा फायदा
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : रेल्वे स्टेशन से मात्र 5 मिनट की दूरी पर, त्यौंदा रोड से स्टेशन बायपास रोड, गंज बासौदा।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
9340-444-183, 7747-877-677
5 मिनिट की पैदल दूरी पर
CM RISE नए क्षितिज
सी एम राईज स्कूल
रेलवे स्टेशन
बी ऐड कालेज
AR CREATORS INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं...
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
नगर की सुव्यवस्थित कॉलोनी ग्रीन पार्क गुलाबगंज में
Green Park
a blend of nature & luxury
TOWN & COUNTRY PLANNING
T&CP APPROVED ★★★
AR CREATORS
ओवर हेड टैंक द्वारा जल प्रदाय
कॉलोनी का मुख्य एवं आकर्षक 2 प्रवेश द्वार
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
बासकेट बॉल कोट
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : ग्रीन पार्क कॉलोनी, विदिशा बासौदा रोड, नई तहसील के सामने, गुलाब गंज।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
88787 77277, 9424463150

# मानोरा मला 26 से, तैयारियों के लिए कलेक्टर और विधायक ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



तीन दिवसीय मानोरा मेला का आयोजन 26 जून से किया जाएगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित हुई, जिसमें बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता उपस्थित रहे। विधायक ने मेला आयोजन के लिए एक लाख रुपए की राशि देने की घोषणा करते हुए व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गत वर्षों की कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी। दिव्यांग व वृद्धजन के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति हेतु 25 टैंकर, साफ-सफाई के लिए दल, और बिजली आपूर्ति सतत रखने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था के लिए भारी वाहनों के रूट में परिवर्तन किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे और 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम के माध्यम से कानून व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी। हॉकर जोन, पार्किंग, अस्थायी दरवाजे, और सड़क मरम्मत के कार्य भी पूरे कराए जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में दूषित सामग्री की रोकथाम, चिकित्सा व्यवस्था सहित फायर ब्रिगेड और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाहों पर निगरानी और वालंटियरों को ड्रेसकोड व प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए हैं।

## लचायारा गांव में आपदा से बचाव के लिए जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया

**विदिशा।** कुरवाई तहसील की ग्राम पंचायत लचायरा में आपदा से बचाव संबंधी जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी एएसआई लक्ष्मी विश्वकर्मा के नेतृत्व में एसडीईआरएफ होमगार्ड टीम द्वारा बाढ से पूर्व तैयारी, आग की घटना में बचाव, घरेलू उपकरणों से बचाव राफ्ट बनाना, कंबल, चादर से स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, घायलों

## बाल संरक्षण योजना कार्यशाला का आयोजन

**विदिशा।** मिशन वात्सल्य समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत शमशाबाद में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से मुकेश ताम्रकार द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट), किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के नियम एवं प्रावधान बताए गए।

## स्वसहायता समूहों के कार्यों से प्रभावित हुए कलेक्टर

**विदिशा।** जिले में महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा चहुंओर हो रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को ग्यारसपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान लक्ष्मी स्वसहायता समूह द्वारा संचालित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया और समूह की महिला सदस्यों से संवाद कर उनके सामाजिक व आर्थिक जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जाना। कलेक्टर ने समूह अध्यक्ष ललिता कुशवाह से विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भले ही अशिक्षित हैं, फिर भी 33 आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को समय पर पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कुशलता से निभा रही हैं। उनके निडर उत्तर और आत्मविश्वास से कलेक्टर भी अभिभूत हुए। श्रीमती कुशवाह ने बताया कि बैंक से ऋण लेकर उन्होंने यह कार्य शुरू किया, जिससे समूह की पहचान क्षेत्र में और अधिक मजबूत हुई है।















# नपा परिषद ने शुरू किया हरित क्रांति महाअभियान पौधे दान करने की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका परिषद द्वारा धरती को हरियाली से सराबोर बनाने के लिए शहर में हरित क्रांति महा अभियान की शुरुआत की गई है, ताकि नगर को हराभरा एवं स्वच्छ बनाया जा सके।

नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि हरित क्रांति महा अभियान अंतर्गत 5 जून से वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया है। जो भी प्रकृति प्रेमी बंधु पौधे दान करना चाहते हैं वह नगर पालिका को दान कर सकते हैं। उनके दान किए हुए पौधे डिवाइडरों पर पार्कों पर तालाब के किनारे, घाटों एवं अन्य खाली जगह पर लगाए जाएंगे। सौ से अधिक पौधे दान करने वाले दानदाताओं की नेम प्लेट भी उन स्थानों पर लगाई जाएगी, जहां पर उनके दान किए हुए पौधे लगे हैं। सब लोग ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। उन्होंने पर्यावरण प्रेमियों से अधिक से अधिक पौधे दान करने का अनुरोध किया है, जिससे हमारी पृथ्वी हरी भरी रह सके एवं हमें ऑक्सीजन मिल सके। हरित क्रांति महा अभियान का उद्देश्य पृथ्वी के ज्यादा से ज्यादा खुले भागों को हरा-भरा करना है, जिससे प्रदूषण कम हो एवं हमारे नदियों जल स्त्रोतों का जलस्तर बढ़ सके। बिगड़ते पर्यावरण के सुधार के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता जमना सेन ने धरती पर अधिक से अधिक पौधे रोपने का अनुरोध किया है।

# कुत्ते को बचाने में कार एवं मोटर साइकिल टकराई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर कार चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे मोटर साइकिल चालक को चोटें आ गईं। जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर के समय भोपाल विदिशा हाइवे 18 के घोड़ापछाड़ पुल के पास भोपाल से विदिशा की ओर जा रही कार एमपी04 ईडी 3701 के चालक मनीष पिता प्रमोद कुमार आचार्य निवासी ग्राम शिरगन थाना ललितपुर उत्तरप्रदेश की कार के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में पास ही चल रही मोटरसाइकिल में टक्कर लग गई। जिससे देवेन्द्र वर्मा पिता रामसिंह वर्मा निवासी सर्वधर्म कालोनी कोलार रोड भोपाल को चोटें आ गईं। घायल का सलामतपुर पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया और मामले को जांच में लिया। वहीं दोनों वाहन चालकों ने पुलिस को कोई कार्रवाई नहीं करने का आवेदन दिया और समझौता कर लिया।

# गांव चौपाल के आयोजन में विकास की गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भाजपा नेतृत्व के द्वारा विकसित भारत के अमृत काल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन के तहत ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार जन कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी ग्रामीणो को दी जा रही है।

इसी कड़ी में तहसील के सियरमऊ व जमुनिया ग्राम में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने बताया कि सिलवानी भाजपा मंडल के ग्राम सियर मऊ एवं ग्राम उचेरा जमुनिया में विकसित भारत के अमृत काल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य चौपाल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण जनों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू के द्वारा आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित कई विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री लखन चंदेल, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, बद्री रघुवंशी, ओमपाल, सरपंच संजय तुमराम, प्रदीप प्रजापति, मानक राय, मुकेश साहू, अमित राय, मनोहर लाल, विक्रम शाह, अरविंद शुक्ला, बृजेश शुक्ला, कुंदन कुशवाहा, महिला मंडल महामंत्री , सपना शाह, कृष्णकांत श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी उपस्थित रहे।

# गोशाला को मिला सम्मान



रायसेन। राजधानी भोपाल में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में तहसील की वृंदावन कामधेनु गौशाला को सम्मानित कर अनुदान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र भेंट किया। गढ़ी की गौशाला को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में शुक्रवार को गौशालाओं का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस आयोजन में गौवंश के संरक्षण व संवर्धन हेतु गौशालाओं के उन्नयन एवं गोपालन को बढ़ावा देने की अनेक घोषणाएं की। उन्होंने प्रदेश भर की उत्कृष्ट गौशाला का संचालन कर रही प्रबंधन समितियों को सम्मानित कर पुरुस्कृत किया है।


















भोपाल
शनिवार, 21 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–11
वर्ष : 12, अंक : 81
पृष्ठ : 12+4=16 मूल्य : 4 .00 *

मौसम
अधि. 29
न्यूून. 23

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी व हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता थीं परमेश्वरी देवी

# माताजी परमेश्वरी देवी जी का निधन

## देशभर के अनेक गुरुकुलों व आर्य समाजी संस्थाओं में अग्रणी भूमिका में थी माता परमेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माताजी परमेश्वरी देवी जी का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं।

उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे गांव खांडा खेड़ी में किया जाएगा। परमेश्वरी देवी अपने पीछे 6 बेटों और 3 बेटियां का भरापूरा परिवार छोड़ गईं। बेटों में कैप्टन रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुमन शामिल हैं, जबकि, बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं।


यह दुःखद खबर कैप्टन अभिमन्यु ने खुद सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने लिखा- मेरी माता का प्रेम, त्याग और उच्च संस्कार परिवार व समाज के बीच सदैव अमिट रहेंगे। उनकी दी हुई सीख और आशीर्वाद हमेशा साथ रहेंगे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट ⏩ शेष पेज 4 पर



### पढ़ी लिखी नहीं थीं पर बच्चों को किया शिक्षित

*परमेश्वरी देवी ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थी, इसके बावजूद भी उन्होंने अपने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर शिक्षित किया। परिवार को एकजुट रखकर अच्छे संस्कार दिए। परमेश्वरी देवी की शादी (स्वर्गीय) चौधरी मित्र सेन आर्य के साथ 1948 में हो गई थी। काम के सिलसिले में 1961 में चौधरी मित्र सेन उड़ीसा चले गए थे। उसके बाद बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी उनकी थी। वह सभी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती थीं और सभी बच्चों को बैठाकर उनके बीच में बैठकर उनकी देखरेख करती थीं। वे हर किसी को अच्छे संस्कार देकर उनको ऊर्जावान बनाने का पाठ पढ़ती थीं। शादी के बाद गांव खांडाखेड़ी में ही काफी वर्षों तक रहीं। इस दौरान घर का सारा काम निपटाने की भी उनकी जिम्मेदारी होती थी। चुनाव के समय कैप्टन अभिमन्यु को सीख देती थीं कि ईमानदारी के साथ चुनाव लड़ें और भाईचारे को मजबूत बनाकर सामाजिक ताने-बाने को और आगे ले जाने का काम करें।*

विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किमी. लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम



फाइल फोटो

## विशाखापत्तनम में 5 लाख लोगों के साथ योग करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की पहल पर हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर पूरे देश-दुनिया में योग के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में शनिवार को विशाल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे जो बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा और वहां 5 लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 4 पर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

### 25 हजार से अधिक छात्र 108 मिनट तक करेंगे सूर्य नमस्कार

*नायडू ने कहा कि 25,000 से अधिक आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करेंगे। सरकार का लक्ष्य राज्य भर में एक लाख केंद्रों में योग सत्र आयोजित करना और विशाखापत्तनम में योग गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच लाख लोगों को आकर्षित करना है।*

***2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरणः** इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए अब तक राज्य, देश और दुनिया भर से 2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

सीएम डॉ. यादव ने कहा-मप्र को बनाएंगे देश की डेयरी कैपिटल

# 40 लाख की गाएं दुग्ध उत्पादन के लिए तो सरकार 10 लाख रुपए का अनुदान देगी



मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गोशाला सम्मेलन आयोजित इसमें प्रदेश भर से आए गो-पालक और गो-शाला संचालक शामिल हुए

### बड़ी गोशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को देश की डेयरी कैपिटल बनाएंगे। इसके साथ ही अब पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गो-पालन विभाग होगा। उन्होंने कहा कि मप्र में गो-शाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है।

उन्होंने कहा कि गोपालन की योजनाओं में 25% का अनुदान दिया जाएगा। यदि आप 40 लाख की गाएं दुग्ध उत्पादन के लिए लाते हैं, तो सरकार 10 लाख रुपए का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 4 पर

गो-शालाओं को 90 करोड़ रू. की अनुदान राशि की अंतरित

उत्कृष्ट गो-शालाएं और गो-सेवियों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में 73 गो-शालाओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

◆ **पशुपालन एवं डेयरी** विभाग अब पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन विभाग होगा



सीएम ने गोमाता का पूजन किया

### दुग्ध उत्पादन समितियों की संख्या 26 हजार करने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 5.5 करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है। इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। सरकार की कोशिश है कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बनाई जाए। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाईटेक गोशालाएं संचालित ⏩ शेष पेज 4 पर

### प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, सरकार इसके लिए अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की ⏩ शेष पेज 4 पर

### ◆ मप्र में बनेगी स्वावलंबी गो-शालाएं

*पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में 30 ऐसे स्थानों को चिन्हित भी कर लिया गया है, जहां 5000 से लेकर 25000 तक गोवंश क्षमता वाली स्वावलंबी गो-शाला बनाई जाएंगी। ये गो-शालाएं हाईटेक होंगी, जहां गायों की देखभाल के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं सहित जैविक खाद, सीएनजी गैस उत्पादन आदि के साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी बनाई जाएगी। वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि गो-पालन और गो-सेवा मुख्यमंत्री के जीवन का हिस्सा है। उन्होंने पशुपालन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह प्रदेश का ऐतिहासिक सम्मेलन है। राज्य सरकार ने नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता किया है। कामधेनु योजना से किसानों को गो-पालन और डेयरी शुरू करने का अवसर मिलेगा। खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि गो-माता की सेवा से पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता है। गो-माता की सेवा से वैतरणी पार हो जाती है। प्रदेश की समृद्धि के लिए गौ-पालन और गो-सेवा पर ध्यान देना होगा। गोसेवकों को सिंगल क्लिक से अनुदान राशि भेजने का निर्णय प्रशंसनीय है।*

आज भोपाल के अटल पथ पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## सीएम डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री उइके होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे भोपाल के टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनके संबोधन का भी सजीव प्रसारण होगा उसके पश्चात सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं ⏩ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** लीड्स के मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमों के खिलाड़ी जब मैदान पर खेलने के लिए उतरे तो उनकी बांह पर काली पट्टी बंधी हुई थी। प्लेयर्स ने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहले दिन के खेल में काली पट्टी बांधकर खेलने का फैसला लिया।

### लव जिहाद केस में फरार कादरी की जाएगी पार्षदी



**इंदौर।** कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी लव जिहाद के केस में फरार हैं। पुलिस लगातार उन्हें पकड़ने के लिए छापे मार रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि अनवर कादरी की पार्षदी समाप्त करने के लिए संभाग आयुक्त को पत्र लिखा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ऐसे लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।

### 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम 2025 घोषित कर दिया है। इस वर्ष कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षाएं 24 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं, जबकि कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से 5 मार्च 2025 के बीच संपन्न हुईं। छात्र अपना स्कोरकार्ड वेबसाइट rskmp.in पर जाकर देख सकते हैं।

भारत की कूटनीति का जलवा

## ईरान से भारतीय छात्रों की निकासी, खोला एयर स्पेस

1000 भारतीय छात्र दिल्ली आएंगे



एजेंसी ⏭ तेहरान

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच फंसे भारतीय छात्रों के लिए तेहरान ने अपना एयर स्पेस खोल कर भारत के साथ अच्छे संबंधों का निर्वहन किया है। विदेशी धरती पर भारत ने एक बार फिर अपनी कूटनीति का जादू दिखाया है। ईरान ने सिर्फ भारत के लिए अपना एयर स्पेस चालू करने की घोषणा की है। इसके बाद कम से कम 1000 भारतीय छात्रों की स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो ⏩ शेष पेज 4 पर

घरेलू उत्पीड़न से परेशान थे दंपती

## जहर खाने से पति की मौत पत्नी की भी हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



विदिशा जिले के उनारसीकलां थानाक्षेत्र के गांव चांदबर में गुरुवार रात एक दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी को गंभीर हालत में गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी ने बताया कि ससुर ⏩ शेष पेज 4 पर

◆ *ससुर ने कहा-घर से जाओ या जहर खाकर मर जाओ*

### पति ने कहा- मेरे सिवाय तेरा कौन

*पत्नी उमाबाई ने बताया कि रात करीब 8.30 पति ने जहरीली गोली खाली और मुझे भी गोली देकर कहा तुम भी खा लो। क्योंकि मेरे सिवा तेरा कौन है। मेरे पिता वैसे भी तुझे गाली देते हैं, दहेज मांगते हैं। महिला ने बताया कि मेरे पति द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने के बाद भी ससुर झगड़ा करते रहे और पति की हालत देखने के बाद भी कहा बहाने कर रहे हो।* ⏩ शेष पेज 4 पर

इंदौर की कंपनी पर सीबीआई की कार्रवाई

## 183 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी मामले में पीएनबी का सीनियर मैनेजर अरेस्ट

*19 और 20 जून को देश के पांच राज्यों दिल्ली, पश्चिम बंगाल, गुजरात, झारखंड और मध्य प्रदेश में कुल 23 जगहों पर छापेमारी की*



हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर की एक कंपनी द्वारा 183 करोड़ रुपए की फर्जी बैंक गारंटी जमा कर तीन सरकारी प्रोजेक्ट हासिल करने के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। इस घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक पंजाब नेशनल बैंक का सीनियर मैनेजर है। सीबीआई की शुरुआती जांच में सामने आया है कि कोलकाता में सक्रिय एक गिरोह बड़े पैमाने पर फर्जी बैंक गारंटियां बनाकर सरकारी ठेके हासिल करने के काम में शामिल है। यह गिरोह कई राज्यों में इसी तरह के घोटाले कर चुका है। मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड (एमपीजेएनएल) ने साल 2023 में इंदौर की एक निजी कंपनी को 974 करोड़ रुपए के तीन सिंचाई प्रोजेक्ट्स दिए थे। इन प्रोजेक्ट्स के लिए कंपनी ने कुल आठ फर्जी बैंक गारंटियां ⏩ शेष पेज 4 पर

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयरस्पेस संबंधी बढ़ी चुनौतियां



## एयर इंडिया की 4 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स रद्द

*दुबई, मेलबर्न, चेन्नई, दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई के बीच की सेवाएं बाधित*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने एक बार फिर अपनी कई उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन की ओर से अब तक चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स को रद्द करने की सूचना दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से एअर इंडिया ने चार अंतरराष्ट्रीय सेवाओं सहित 9 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने कहा कि उसने यात्रियों ⏩ शेष पेज 4 पर

### एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे फ्लाइट से टकराया पक्षी रिटर्न जर्नी कैंसिल

मुंबई। दिल्ली से पुणे जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट से शुक्रवार को एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद फ्लाइट की रिटर्न जर्नी कैंसिल करनी पड़ी। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी के ⏩ शेष पेज 4 पर

### मदुरै जा रहे इंडिगो की उड़ान में तकनीकी खराबी चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जाने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस ⏩ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

**योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय को समर्पित**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'विशेष आलेख'

# मानवता के लिए अमूल्य उपहार है 'योग'

योग एक ऐसी दिव्य अवस्था है जब चेतना और परम चेतना का मिलन होता है। इस अवस्था को प्राप्त करने का अवसर हर जीव के पास है। योग सनातन हिंदू धर्म और संस्कृति का संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।

उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नए युग का सूत्रपात किया। उपचार की जगह रोकथाम पर अब अधिक ध्यान दिया जा रहा है। आज पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा है। हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय को समर्पित है। इसका उद्देश्य मानव कल्याण और एक स्वस्थ ग्रह के बीच संबंध को बढ़ावा देना है। सीधा अर्थ है कि जब शरीर और मन स्वस्थ होता है, तो हम अपने समुदाय और पर्यावरण से बेहतर सामंजस्य रख पाते हैं, उनकी सही देख-रेख कर पाते हैं।

आज पूरे विश्व में एक अदभुत वातावरण बना है। पूरा विश्व आज योग कर रहा है। योग ने विश्व में असंख्य लोगों को सहारा दिया है। हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। योग का विधिवत विज्ञान यहां सुरक्षित है। योग दर्शन की विरासत से आज पूरा विश्व समाज लाभान्वित हो रहा है। हम इस अलौकिक समय के साक्षी बन रहे हैं। हम आज गौरव और आनंद से भरे हैं। योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत का गौरव बढ़ाने वाला दिवस है साथ ही पूरे विश्व को परम चेतना के प्रति जागृत करने का क्रांतिकारी कदम भी है। अक्सर सवाल किया जाता है कि योग से क्या मिलता है? इसका सीधा सरल जवाब है योग से मिलती है शांति। मन और तन को सबसे ज्यादा जरूरत है शांति की।

अशांत मन और अनियंत्रित तन पूरे समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। योग एक ऐसा दिव्य द्वार है जो शांति की ओर खुलता है। शांति से उपजती है एकाग्रता। धर्म संसद में वेदांत दर्शन पर कालजयी व्याख्यान देने के बाद स्वामी विवेकानंद को अमेरिका में जगह जगह दर्शन पर व्याख्यान देने ⏩ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 जून 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली




आइये अपने घर का सपना करें साकार

## श्री बालाजी परिवार के साथ...

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर खरीदने का यह सबसे सुनहरा मौका है।

बालाजी ग्रुप लाया है आपके लिए खास प्रोजेक्ट्स, जहाँ सब्सिडी और आसान किश्तों पर पायें

## अपने सपनों का घर



RERA : P-VDS-23-3976

RERA : P-GBD-19-2313

**SHREE BALAJI city**




4 BHK SPACIOUS DUPLEX | starting from 56 LAKH

*Commercial Space Available

### AMENITIES

- Commercial Space
- Temple
- Community Hall
- 24 X 7 Security

### AMENITIES

- Shopping Complex
- Gymnasium
- Tirupati Balaji Mandir
- Community Hall

Project Approved by SBI

SBI 90% लोन सुविधा उपलब्ध है

✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है

✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा

**SHRI BALAJI Paradise**




LUXURIOUS SINGLEX | starting from 22.5 LAKH

बालाजी सिटी साइट पता : सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा

पैराडाइस साइट पता : साई मंदिर एक्सटेंशन, अहमदपुर सर्किल, सागर भोपाल बायपास रोड, विदिशा

ऑफिस : प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर, विदिशा

CALL US 9993577113 7828609999

Project by NARESH BUILD AND HOMES PVT. LTD.

CALL US 9302128232 8120835800

A project by

अधिक जानकारी के लिए SCAN करें


A SPRINGFIELD JUNIOR SCHOOL
UDAAN
Annual
TUITION FEES
15,000/-
स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल
अब क्रांति चौक, विदिशा मे
प्री-स्कूल के साथ
Pre- Nursery to UKG
ADMISSIONS OPEN
Session 2025-26
A safe, stimulating space for toddlers and early learners
Warm, trained educators nurturing growth
Play-based learning that sparks confidence and creativity
Saturday Visits To Our 50-acre Campus For Swimming, Horse Riding And More With Pro Coaches
Kranti Chowk
+91 95894 30030
+91 91790 01197
SPRINGFIELD WORLD SCHOOL
www.springfieldworld.edu.in


हरिभूमि 11वां स्थापना दिवस
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि के
11वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी
जिला पंचायत अध्यक्ष,विदिशा
निवेदक : कैलाश रघुवंशी मित्रमंडल, विदिशा


PARTHSETU EDUCATION
JEE (MAIN+ADVANCED) II NEET-UG
FOUNDATION II BOARDS
SHIVKANT TIWARI
M.Sc. Mathematics
17+Years Experience
VIVEK TIWARI
M.Sc. Physics
12+Years Experience
9770042832
9131013208
Near Indu Jain Hospital
Old Hospital Road, Vidisha
2025
Congratulations
Ronak Kirar 93% - 10th
Vasu Sharma 92% - 12th
Udit Raghuwanshi 89% - 12th
Sami Khan 88% - 12th
Sohini Tiwari 87% - 10th
Abha Tiwari 87% - 10th
Shruti Sahu 85% - 10th
Swapnil Hardeniya 86% - 12th
Ani Sharma 85% - 10th
Sukumar Saxena 84% - 10th
Aishwarya Sahu 83% - 10th
Shriyanshu Sharma 83% - 10th
Priya Jadhav 81% - 10th
Tanvi Mishra 81% - 10th
Rohit Dhakad 80% - 10th
Shailendra Raghuwanshi 80% - 12th


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
11वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
स्थापना दिवस हरिभूमि 11वाँ वर्ष
विजय कुमार बंसल
मो.नं. 9425463775
घनश्याम बंसल
मो.नं. 9827346525
बंसल ट्रेडर्स
गोयल धर्मशाला के पास, विदिशा
मो. 8989412025, 9406549925


उत्कृष्ट पत्रकारिता
के कीर्तिमान समाचार पत्र
स्थापना दिवस हरिभूमि 11वाँ वर्ष
हरिभूमि
11वें
स्थापना दिवस
पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
आशा सिंह राजपूत
वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री


बेहतर स्कूल जो दे आपके बच्चों को बेहतर शिक्षा
स्कूल कोड- 622134
सेपियन्ट प्यूपिल हाई स्कूल
कक्षा नर्सरी से 10वीं तक (माध्यम अंग्रेजी एवं हिन्दी)
प्रवेश प्रारंभ
वर्ष 2024-25 कक्षा 10 वीं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र/छात्राओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सम्माननीय पालक महोदय,
हमारी संस्था सेपियन्ट प्यूपिल हाई स्कूल ने वर्ष 2003 से बेहतर शिक्षा की दम पर शहर में एक अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय में बच्चों को सकारात्मक वातावरण और हमारी देख भाल में गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जाती है। संस्था के छात्र/छात्राओं ने बिना कोचिंग के हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाकर हमारे विद्यालय को विदिशा शहर में एक उचित स्थान दिलाया है। आप अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिला कर निश्चित हो जायें एक वर्ष में ही बेहतर परिणाम आपके सामने होगा।
विद्यालय की विशेषताऐं-
1) सर्व सुविधायुक्त भवन एवं विशाल खेल मैदान एवं सी.सी.टी.व्ही. कैमरों द्वारा सुरक्षा।
2) उच्च शिक्षित और अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन।
3) बच्चों में मनोवैज्ञानिक तरीके से स्वयं पढ़ने की आदत विकसित करना।
4) कमजोर बच्चों को अतिरिक्त कक्षाओं द्वारा अलग से अध्यापन कराना।
5) नैतिक शिक्षा के द्वारा छात्र एवं छात्राओं में एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना का विकास।
6) समय-समय पर पालकों से स्कूल द्वारा संपर्क बनाये रखना।
7) बच्चों में संगीत, खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग दिलाकर उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास करना। 8) प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत नीव तैयार करना।
9) साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब की सुविधा। 10) हेण्ड बॉल अन्य खेल सुविधा।
NEELMANI AGRAWAL 95.6%
NANDNI SHARMA 93%
RADHIKA RAJPUT 89.4%
MANJEET LODHI 89%
SAMAR PRATAP SINGH RAJPUT 89%
Vinita Kurmi 83.8%
Megha Rathore 83.2%
Radhika Malviya 79.8%
Aadarsh Lodhi 78.4%
Himanshi Vishwakarma 78.4%
Keerti Sahu 77.8%
Hemant Kirar 76.6%
Manmohan Chouhan 76.4%
Shivam Lodhi 74.4%
Sakshi Meena 71.8%
Vishakha Rajput 71.6%
Prachi Vishwakarma 70.6%
Pratigya Vishwakarma 70.6%
Khushi Bairagi 70.2%
Vandna Ahirwar 69%
Pooja Kirar 65%
Anirudh Yadav 65%
संचालक
के.के. विश्वकर्मा
शिक्षण एवं स्कूल संचालन का 25 वर्ष का अनुभव
मो. 9907736566
पता: खाटू श्याम मंदिर के पास, बंटी नगर, विदिशा, फोन नं. (07592)292706


Keep your innovative minds busy
Cambridge Curriculum
Space Lab
i5 Computer Lab
Assessment System
Sports Complex with Swimming Pool
9th Anniversary
Now in Teelakhedi
MAGADHAM INTERNATIONAL SCHOOL
CORRIDORS OF FUTURE
Address-1 Vitthal Nagar, Bangla Ghat Road, Vidisha 9109919401
Address-2 Teelakhedi, Near Judge Colony Vidisha, 9109918402


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के
11वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 11वां स्थापना दिवस
बधाईकर्ता: समस्त कार्यकर्ता भाजपा विदिशा विधानसभा क्षेत्र

उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
स्थापना दिवस हरिभूमि 11वाँ वर्ष
हरिभूमि 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद प्रताप सिंह
वरिष्ठ कांग्रेस नेता

उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित मोतियानी
युवा कॉंग्रेस नेता

स्थापना दिवस हरिभूमि 11वाँ वर्ष
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
नारायण सिंह कुशवाह
अध्यक्ष, कुश कल्याण बोर्ड
कैबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन

# नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

## //अपील//

1. स्वच्छ सर्वेक्षण अंतर्गत सिटीजन फीडबैक देकर अपने शहर को स्वच्छ बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।
2. स्वच्छ विदिशा का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे शहर अपना।
3. एक नया सवेरा लाऐंगे, पूरे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाएगें।
4. स्वच्छता को अपनाना है, गंदगी को दूर भगाना है।
5. प्लास्टिक हटाओ, गंदगी-बीमारी दूर भगाओ।
6. अपना विदिशा भी साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो।
7. क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी, यही है मेरी ड्रीम सिटी।
8. गाँधी जी के सपनो का भारत बनाएगें, चारो तरफ स्वच्छता फैलाएंगे।
9. स्वच्छता अपनाना है, समाज मे खुशियाँ लाना है।
10. साथी रे हाथ से हाथ मिलाना, गंदगी को दूर भगाना।
11. अगर करोगे खुले में शौंच, जल्दी हो जाएगी मौत।
12. युवा शक्ति है सब पर भारी, चलो करो अब स्वच्छ भारत की तैयारी।
13. लोटा, बोतल बंद करना है, अब हर जगह शौचालय प्रबंध करना है।
14. पॉलिथिन को बैन करेंगे, कपडे बैग का उपयोग करेंगे।
15. संपत्तिकर, जलकर इत्यादि का समय पर भुगतान करें।

हरिभूमि 11वां स्थापना दिवस
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

हरिभूमि 11वां स्थापना दिवस
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति रानू संतोष शर्मा (पार्षद)

# सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा




लापरवाही से वाहन न चलाएं
अपना और अपने परिवार का जीवन बचांए

जिला परिवहन कार्यालय, विदिशा

SunShine® PathCare
Quality, Our Commitment




## विदिशा जिले की एक मात्र NABL LAB

स्थापना दिवस हरिभूमि 11वाँ वर्ष

## एस एस पेथकेयर पैथोलॉजी लैब विदिशा

हमें गर्व है विदिशा की पहली एनबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला होने पर !

## अब अपने घर पर ही एक्स-रे की जाँच कराये

सनशाइन (एसएस) पैथकेयर विदिशा में घर पर एक्स-रे प्रदान कर रहा है। अब आप एक्स-रे टेस्ट के लिए किसी भी डायग्नोस्टिक सेंटर या अस्पताल में जाने से बच सकते हैं। हमारी एक्स-रे एट होम सेवाओं के साथ, आप अपने निवास के आराम में अपना एक्स-रे करवा सकते हैं और एक्स-रे रिपोर्ट के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि से आसानी से बच सकते हैं। आपके निवास पर एक पोर्टेबल एक्स-रे मशीन लाई जाती है और योग्य, कुशल तकनीशियन आपकी सुविधा का ख्याल रखते हुए आपका एक्स-रे परीक्षण करते हैं। पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का उपयोग करना सुरक्षित है और किसी भी आपातकालीन उपयोग के लिए इसका अच्छी तरह से रखरखाव किया जाता है।

एक्स-रे सेवाओं में छाती, हाथ, कूल्हों, पैरों और कंधों का एक्स-रे शामिल होता है। एक्स-रे फिल्म और रिपोर्ट होम-डिलीवर की जाती है और ऑनलाइन भी उपलब्ध है। इसलिए, जब भी आपको विदिशा में घर पर एक्स-रे की आवश्यकता हो, तो बस कॉल करें और अपनी एक्स-रे अपॉइंटमेंट बुक करें।

Pathology available
Sonographi coming soon...

हमें अपने निजी लैब के रूप में चुनें!

नि:शुल्क न्यूट्रीशन सलाह के लिए हमारे एक्सपर्टस से अभी बात करें

+91 96914-97091
+91 78989 10300
+91 96302-54787
sspathcare.com

नि:शुल्क घर से सेम्पल कलेक्शन सुविधा उपलब्ध
अपॉइंटमेंट के लिए QR स्कैन करें

पताः मेडिकल कॉलेज सर्कल, Peter England शोरूम के ऊपर, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.)